तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

4 नालंदा, लाल किला और बद्रीनाथ धाम में विराजेंगी मां दुर्गा, शहर में तैयार हो रहे आकर्षक पंडाल



[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

**खबर संक्षेप**

### मोबाइल व नकद चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना पुलिस ने रायकेरा स्थित व्हीपीआर कंपनी के कैंप से मोबाइल और नगदी रकम की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए रिमांड पर भेज दिया है। मामला 29 अगस्त का है जब प्रार्थी धर्मेंद्र कुमार पिता विजय प्रसाद उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बखौरा जिला सोनभद्र उप्र जो एनटीपीसी तलाईपाली परियोजना अंतर्गत अनुबंध कंपनी व्हीपीआर में कार्यरत हैए अपने दो साथियों के साथ रायकेरा कैंप के कमरे में सो रहा था। रात करीब 10.30 बजे तीनों ने कमरे का दरवाजा बिना कुंडी लगाए सो गए थे और अपने.अपने मोबाइल व पर्स तकिए के पास रख दिए थे। सुबह 4 बजे जागने पर धर्मेंद्र ने पाया कि उसका पोको मोबाइल और पर्स से 4500 रुपये नगद गायब है। जांच करने पर उसके साथियों रतनेष कुमार का वीवो मोबाइल व 2100 रुपये और सुभेंदु सामर के पर्स से 15500 रुपये भी चोरी हो चुके थे। कुल मिलाकर 2 मोबाइल कीमती 25 हजार रुपये और 22ए100 रुपये नगद चोरी होने की रिपोर्ट थाना घरघोड़ा में दर्ज की गई। इस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान गवाहों के कथन और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कुनाल पंडा पिता अनिल पंडा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम भुईयापानी थाना लैलूंगा को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार की। उसके मेमोरेंडम पर चोरी गए दोनों मोबाइल और 8400 रुपये नगद बरामद कर गवाहों की मौजूदगी में जप्त किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया।

## वादों से मुकरा प्रशासन, सीनियर छात्रों ने खुद के खर्चे से कराई फ्रेशर पार्टी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला प्रशासन द्वारा डिग्री कॉलेज के छात्रों को कार्यक्रम का पूरा खर्चा देने का वादा कर ऐन वक्त पर मुकर जाने से सीनियर छात्रों ने अहम भूमिका निभाई है। उनके द्वारा खुद के खर्चे से सिंधी धर्मशाला कच्ची खोली में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। दरअसल कॉलेज के सैकड़ों छात्रों ने आपस में चंदा करके बीते 15 सितंबर को निगम ऑडिटोरियम में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया था। नगर निगम में 20 हजार शुल्क जमा कराकर ऑडिटोरियम बुक भी कर लिया गया था। तय समय पर वहां बच्चों की तादाद के हिसाब से खाने पीने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सारी व्यवस्थाएं भी हो चुकी थीं। इन व्यवस्थाओं में डिग्री कॉलेज के छात्रों के करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च हो गए थे, लेकिन अचानक निगम प्रशासन ने ऑडिटोरियम की बुकिंग रद्द कर दी। जिससे छात्र आक्रोशित हो गए और काफी हंगामा हुआ। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मौके पर पहुंचे और छात्रों को आश्वासन दिया कि अगली तारीख को इसी ऑडिटोरियम में प्रेशर पार्टी होगी और इसका पूरा खर्चा प्रशासन देगा। ऐसे में छात्रों ने अगली तारीख 18 सितंबर तय की। इसके बाद अधिकारी अपनी बातों से मुखर गए।




धर्मशाला कच्ची खोली में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

### पानी के लिए तरस रहे पिंजरे में बंद स्वान, नियम-शर्तों की उड़ रही धज्जियां

# बधियाकरण के नाम पर बेजुबानों से बर्बरता ऑपरेशन के बाद खुल रहे हैं कच्चे टांके..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भिलाई की ठेका कंपनी बधियाकरण के नाम पर बेजुबानों के साथ बर्बरता कर रही है। यहां के डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती जा रही है, जिससे टेस्टिकल में लगे कच्चे टांगे खुद-ब-खुद खुल जा रहे हैं और बेजुबानों को काफी पीड़ा हो रही है। इतना ही नहीं डॉग्स के लिए बनाए गए अस्थायी शेल्टर होम में उन्हें पिंजरों में कैद कर पानी तक के लिए तरसाया जा रहा है। इस तरह ठेका कंपनी निगम प्रशासन द्वारा बनाए गए नियम-शर्तों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही है और निगम के जिम्मेदार गांधी जी के बंदर बने नजर आ रहे हैं।

दरअसल नगर निगम द्वारा कुछ माह पहले एक टेंडर निकाला था। जिसमें शहर के करीब 10 हजार स्वानों की नसबंदी की जानी है। प्रत्येक डॉग की नसबंदी के लिए निगम द्वारा ठेका कंपनी को 1100 रुपए भुगतान किया जाना है। नगर निगम रायगढ़ द्वारा यह टेंडर भिलाई की एनिमल केयर सर्विसेज कंपनी को दिया गया है। ठेका कंपनी द्वारा करीब सप्ताहभर पूर्व काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके लिए ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड के पीछे कचरा डंपिंग यार्ड के पास डॉग्स के लिए अस्थायी रूप से शेल्टर होम भी बनाया गया है। यहां जाने पर पता चला कि यहां अव्यवस्था का अंबार है। धूल, मिट्टी, गंदगी से भरे इस अस्थायी शेल्टर होम में बेजुबानों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। डॉग्स के टेस्टिकल निकालने के बाद उनको टांका लगाया तो जा रहा है, जोकि सिर्फ खानापूर्ति ही नजर आ रही है। जिससे कई डॉग्स के टेस्टिकल में लगे टांके खुले नजर आए। इतना ही नहीं यहां कुछ स्वानों को एक साथ एक पिंजरे में बंद कर दिया गया है और पानी तक समय पर नहीं दिया जा रहा है।

**निगरानी के दावे खोखले**

नगर निगम द्वारा दावा किया जा रहा था कि ठेके की शर्तों और नियमों को सख्त बनाया गया है ताकि काम में किसी भी तरह की लापरवाही न हो। साथ ही निगम के अधिकारी इस अभियान की प्रगति पर कड़ी निगरानी रखेंगे, लेकिन ये दावे खोखले नजर आ रहे हैं। तभी तो बेजुबानों के साथ इस तरह का कृत्य हो रहा है। ठेका देने के बाद अधिकारी इस ओर ध्यान देना ही बंद कर दिए हैं।

**1 डॉक्टर के भरोसे 10 हजार बेजुबानों का बधियाकरण**

भिलाई की एनिमल केयर सर्विसेज अपने साथ बधियाकरण करने के लिए पर्याप्त उपकरण साथ लेकर नहीं आई है। इसमें इलाज के लिए केवल 1 डॉक्टर और तीन से चार डॉग कैचर हैं। जिससे 10 हजार डॉग्स का बधियाकरण काफी मुश्किल होगा।



ठेका कंपनी द्वारा अगर बेजुबानों का ठीक से इलाज नहीं किया जा रहा है तो मैं पशु चिकित्सकों के साथ मौके पर जाकर देखता हूं। जो भी अस्वस्थाएं और लापरवाही है उसमें सुधार किया जाएगा।
शिव यादव, स्वास्थ्य प्रभारी, नगर निगम

**सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं निगम के नियम और शर्तें**

**कंपनी को ठेका देने से पहले नगर निगम द्वारा उन्हें नियम और शर्तों का पुलिंदा तो सौंप दिया गया, लेकिन कंपनी द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा बधियाकरण के लिए बनाए गए नियम, प्रमुख शर्तें और सच्चाई...**

- कुत्ते को पकड़ने के लिए एक वाहन और चालक निगम उपलब्ध करवाना है, जबकि अन्य संसाधन ठेका कंपनी को व्यवस्था करना है। खास बात यह है कि निगम कोई वाहन व चालक नहीं दे रहा है।
- बधियाकरण व टीकाकरण कार्य में लगने वाले सभी प्रकार के सर्जिकल उपकरण, फर्नीचर, दवाइयां, वैक्सीन एवं स्वानो के समुचित भोजन की व्यवस्था कंपनी को करनी है, लेकिन यहां वैक्सीनेशन रूम का हाल बेहाल है और स्वानों को गुणवत्तायुक्त तो दूर पर्याप्त मात्रा में भोजन भी नहीं दिया जा रहा है। जिसकी कमी को देखते हुए रायगढ़ की दो से तीन पशु सेवा समिति रोज उन बेजुबानों को दो वक्त का खाना पहुंचा रही है।
- नसबंदी के पहले और बाद में संक्रमण की रोकथाम के सभी उपाय पश्चात स्वानो को न्यूनतम 5 दिन तक पोस्ट ऑपरेटिव केयर में रखना है, सूत्रों की मानें तो स्वानों को नसबंदी के तुरंत बाद ही छोड़ दिया जा रहा है।
- ऑपरेशन के लिए जिन स्थानो, मोहल्लों से स्वानो को पकड़कर लाया जाएगा, उन्हें वापस वही छोड़ना है, लेकिन इन बेजुबानों को अलग-अलग क्षेत्रों में छोड़ दिया जा रहा है। जिससे वहां के कुत्ते इन कुत्तों को अपने क्षेत्र में देख कर काटने को दौड़ा रहे हैं, जिससे कई कुत्ते घायल भी हो रहे हैं। अटल आवास के लोगों ने बताया कि इनके द्वारा 10 कुत्तों को नसबंदी के लिए ले जाया गया था, जिसमें से 3 कुत्तों को ही वापस वहां छोड़ा गया, बाकी 7 कुत्तों का कोई अता-पता नहीं है।
- बधियाकरण की स्थिति पता करने के लिए स्वानो के कान के पीछे पीले रंग का टैग लगाना है, लेकिन यहां नसबंदी के बाद अधिकांश कुत्तों के कान के पीछे कोई टैग नहीं लगाया जा रहा है, जिससे उसकी पहचान हो सके कि उसका बधियाकरण हो चुका है। इतना ही नहीं जिन कुत्तों में टैग लगाया भी जा रहा है वह अपने आप निकल जा रहा है।

### बैंककर्मी से लूट का नाबालिग आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के छाल रोड पर बुधवार रात बैंककर्मी अलेख पंडा और उनकी पत्नी के साथ हुई लूट का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। पुलिस ने लूट में शामिल नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लेकर उसके पास से 13 हजार रुपये बरामद किए। जानकारी के अनुसार अलेख पंडा (37) निवासी झरियापाली, जो एचडीएफसी बैंक घरघोड़ा में कार्यरत हैं, 17 सितंबर की रात अपनी पत्नी के साथ घरेलू सामान खरीदकर घर लौट रहे थे। रात करीब 7.30 बजे एक अज्ञात युवक ने उनकी पत्नी का पर्स छीन लिया, जिसमें 20 हजार रुपये नकद थे, और फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना घरघोड़ा में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने अपनी टीम और मुखबिरों के सहयोग से शीघ्र ही नाबालिग आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात की बात स्वीकार की और बताया कि उसने 7 हजार रुपये खर्च कर दिए हैं। शेष 13 हजार रुपये पुलिस ने बरामद किए। आरोपी को विधिसम्मत कार्रवाई के तहत किशोर न्यायालय में पेश किया गया।



## खबर संक्षेप

### तमनार में सेवा पखवाड़ा पर रक्तदान शिविर

**तमनार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत 18 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी जिला रायगढ़ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 57 से अधिक महिलाओं और युवाओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे दिन चले इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के विचार और कार्य समाज के हर वर्ग को प्रेरित करते हैं। रक्तदान के साथ.साथ स्वास्थ्य और जनसेवा से जुड़े संदेश भी दिए गए। सभी रक्तदाताओं को फ्रूट जूस और प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताए जिला पंचायत सदस्यए मंडल अध्यक्षए युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। संतोष कुमार यादव, कार्यक्रम प्रभारी ने सभी रक्तदाताओं, स्वास्थ्य टीम और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### मोदी ने देश में लाए ऐतिहासिक बदलाव : ओपी चौधरी

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ने अपनी अंतर्मन की बाते सोशल मीडिया में जारी वीडियो के जरिए साझा करते हुए कह हम सभी भारत के परिवर्तन के इस ऐतिहासिक युग के साक्षी हैं। भारत आज विश्व के मानचित्र पर नई उंचाइयों और नए शिखर की ओर अग्रसर है और हम इस गौरवशाली यात्रा के सहभागी हैं। मोदी जी का नेतृत्व वोट बैंक की राजनीति से परे दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बहुत से दूरगामी एवं साहसिक निर्णय लेकर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित और सशक्त बनाया है। उनके ठोस कदमों ने भारत को आत्मविश्वास और विकास की नई दिशा प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताएं हमेशा आकांक्षी राज्यों और जिलों पर केंद्रित रही हैंए जिनमें छत्तीसगढ़ के विशेष स्थान का जिक्र करते हुए ओपी ने कहा स्वतंत्रता के दशकों बाद भी जब छत्तीसगढ़ का रेलवे नेटवर्क सीमित थाए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने पिछड़े और विकासशील क्षेत्रों पर खास ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अपनी पहली यात्रा में ही दंतेवाड़ा की एजुकेशन सिटी और लाइवलीहुड कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण जगहों को प्राथमिकता दी। आजादी के बाद बस्तर जैसे नक्सल क्षेत्र में प्रधान मंत्री रहते जितने दौरे अकेले मोदी जी ने किए आजादी के बाद सभी प्रधानमंत्रियों ने मिलाकर भी उतने दौरे नहीं किए।यह मोदी जी का छत्तीसगढ़ के प्रति विशेष लगाव है।

### बोनई से धनबाद जा रही स्पंज आयरन से भरी ट्रक पलटी

**राउरकेला।** वेदव्यास कुआरमुंडा (ओड़िशा) स्थित रतन लोरी ब्रोकर ट्रांसपोर्टर के चालान पर स्पंज आयरन से भरी ट्रक धनबाद (झारखंड) जा रही थी, लेकिन रास्ते में बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार बोनई स्थित सुरेंद्र माइनिंग इंडस्ट्रीज़ से स्पंज आयरन लादकर द्वारिकेश इकोटेक्स, गोविंदपुर इंडस्ट्रियल एरिया, धनबाद जा रहा ट्रक कोलेबिरा के पास नाले में पलट गया। ट्रक (पंजीकरण संख्या सीजी 22 एम 3546) में लगभग 29.770 मीट्रिक टन स्पंज आयरन लदा था। हादसे में आधे से ज्यादा माल पानी में बह गया। यह वाहन वेदव्यास ब्राह्मनीतरंग के संजय सिंह की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन के जरिए गाड़ी व बचे हुए माल को बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक राहत और रिकवरी का कार्य जारी था।

### कक्षाओं से गायब छात्र फूड कोर्ट में जुटी भीड़

**राउरकेला।** राउरकेला म्युनिसिपल कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। शहर के महताब रोड स्थित फूड कोर्ट में रोजाना दर्जनों छात्र और छात्राएं क्लास बंक कर घंटों फास्टफूड काउंटरों पर दिखाई देते हैं, जबकि कॉलेज में उनकी उपस्थिति नगण्य है। यह स्थिति कॉलेज प्रशासन और शिक्षक वर्ग की घोर लापरवाही को उजागर कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित कक्षाओं से अनुपस्थिति छात्रों के शैक्षणिक भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नागरिकों ने लिया हिस्सा

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्त दान शिविर, 101 यूनिट किया डोनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पत्थलगांव में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हुआ जिला स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कुल 101 यूनिट हुआ रक्तदान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सभी नागरिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया सभी का बहुत बहुत आभार - मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर पूरे देश में चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल पत्थलगांव शहर द्वारा जिला स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय ने किया।

शुभारंभ के उपरांत श्रीमती साय ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण भी किया और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। रक्तदान शिविर में जिला भाजपा के महामंत्री,मंडल के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,मंत्री,महामंत्री एवं समस्त पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए ऐतेहासिक 101 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती साय ने कहा कि आज मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर लोगों ने भारी संख्या में रक्तदान करते हुए अपनी अहम भूमिका अदा की है, क्योंकि रक्तदान की महादान कहा जाता है। जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश मे आज प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ हुआ है जिसमें पत्थलगांव अस्पताल में आज जिला स्तरीय रक्तदान शिविर चलाया जा रहा है यह रक्त जिले में रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्तियों के जरूर काम आएगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल ने कहा कि जिला भाजपा के निर्देश पर आज पत्थलगांव सिविल हॉस्पिटल में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ सभी नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और आज हमने ऐतेहासिक 101 यूनिट ब्लड डोनेट करवाने में सफलता हासिल की है जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल (लुड़ेग), मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अजय बंसल, संजय लोहिया,अवधेश गुप्ता,महामंत्री सुनील गर्ग,नरेश यादव,सुरेश साहू,हिमांशु शर्मा,भुनेश्वरी बेहरा,पार्षद श्यामनारायण गुप्ता, ममता यादव, संतोषी भारद्वाज,विमला बेक, कविता नारंगे,भारती शर्मा, सलमी निकुंज, जितेंद्र अग्रवाल,सुदर्शन सिंह,रामकिशन यादव,नवीन यादव,धर्मपाल नारंगे,मनोज नारंगे,सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम ऋतुराज बिसेन, तहसीलदार प्रांजल मिश्रा, सीएमओ जावेद खान एवं बीएमओ डॉ. जेम्स मिंज भी शामिल हुए।

## राउरकेला स्पेशल जेल से कैदी फरार, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**राउरकेला।** शहर के बीचों-बीच स्थित राउरकेला स्पेशल जेल से बुधवार सुबह हत्या प्रयास के आरोपित सुरेश बारला फिल्मी अंदाज में फरार हो गया। घटना सुबह लगभग 9:30 बजे की है। ब्राह्मणी तरंग थाना क्षेत्र का निवासी सुरेश जेल परिसर में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया और वहां से छलांग लगाकर भाग निकला। सुरेश बारला को करीब ढाई माह पहले 25 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इतनी कड़ी सुरक्षा और ऊँची दीवारों के बावजूद उसका भाग निकलना जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए जेल अधीक्षक आर.एन. नायक ने बताया कि पुलिस और जेल सुरक्षा टीम उसकी तलाश में सक्रिय हो गई है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इस घटना ने शहर में हलचल मचा दी है। लोगों के बीच चर्चा है कि जब स्पेशल जेल से ही कैदी भाग सकता है, तो आम जेलों की सुरक्षा व्यवस्था पर कितना भरोसा किया जा सकता है। फिलहाल फरार कैदी की खोज जारी है।

# दीपावली से पहले राउरकेला में लाखों के पटाखे जब्त

**राउरकेला।** दीपावली से पहले अवैध पटाखा कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने मंगलवार को ताबड़तोड़ छापेमारी की। एसपी नितेश वाधवानी के निर्देश पर तीन थाना क्षेत्रों में की गई इस कार्रवाई में लाखों रुपए मूल्य के पटाखे जब्त किए गए और चार कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

एएसआई ए.के. नायक और उनकी टीम ने जांच के दौरान एक 14-व्हीलर ट्रक (सीजी 04 एमबी 9334) से भारी मात्रा में पटाखे जब्त किए। आरोपी की पहचान ललन कुमार राय (35), निवासी दानापुर, पटना (बिहार) के रूप में हुई। वह रायपुर से बिना लाइसेंस पटाखे लाकर राउरकेला बाजार में बेचने की योजना बना रहा था। पुलिस ने ट्रक से 110 किट कैट बेन 10, 10 हंटिंग डीलक्स, 9 चांदनी महाराज डीलक्स, 20 टॉय गन बुलेट समेत बड़ी खेप जब्त की। एसआई एस. सेठी के नेतृत्व में पुलिस ने पानपोष बस्ती से सौरव जयसवाल (26), पिता मटादिन जयसवाल को गिरफ्तार किया। उसके पास से 22 पैकेट ग्राउंड चक्कर, 18 पैकेट नासा रॉकेट, 70 पैकेट ट्विंकलिंग स्टार, 25 पैकेट लंका बम और 100 बंडल ताल फुटका समेत बड़ी मात्रा में आतिशबाज़ी जब्त की गई। इसी तरह एसआई उदय कुमार साहू और उनकी टीम ने बुरुटोला निवासी अमरजीत मालाकार (45) को गिरफ्तार किया। उसके घर से इलेक्ट्रिक स्पार्कलर, रेड स्पार्कलर, फ्लावर पॉट, टॉप टाइगर बम, किट कैट बम, बुलेट बम, लक्ष्मी बम समेत कई पैकेट बरामद किए गए। इसके अलावा उसी इलाके में छापेमारी कर चंदन साह (26), पुत्र अनिल साह को भी अवैध पटाखा भंडारण के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसके पास से ज़िग ज़ैग, स्काई शॉट्स और फ्लावर पॉट्स सहित कई प्रकार के पटाखे मिले। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 288 बीएनएस, ओडिशा फायर क्रैकर एवं लाउडस्पीकर अधिनियम तथा विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बिना लाइसेंस पटाखा कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर 'मां के नाम पर एक वृक्ष' अभियान का शुभारंभ

**राउरकेला।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर जय हनुमान समिति चैरिटेबल ट्रस्ट ने अनोखी पहल करते हुए हनुमान बटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वच्छ पर्यावरण का उपहार देना और मातृत्व के प्रति सम्मान प्रकट करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप राय के मार्गदर्शन और महासचिव शुभ पट्टनायक के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान ट्रस्टियों ने अपनी-अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर "मां के नाम पर एक वृक्ष" अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उपस्थित नागरिकों और सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सैकड़ों पौधे रोपे। वृक्षारोपण के दौरान वातावरण 'हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीर्घायु हों' और 'मां के नाम पर एक वृक्ष' जैसे प्रेरक नारों से गूंज उठा।

## पत्थलगांव तमता युवा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**पत्थलगांव।** देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के संगठन के निर्देशानुसार लुड़ेग तमता मंडल में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जशपुर जिले के सबसे युवा मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल अंतर्गत सभी 20 पंचायत में स्वच्छता अभियान ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न कराया गया ।

इस कार्यक्रम के संयोजक संजय अग्रवाल सहसंयोजक लक्ष्मी नारायण यादव सहसंयोजक विनोद यादव जी थे । स्वच्छता अभियान के प्रभारी के रूप में मंडल के उपाध्यक्ष रवि यादव ,मंडल के कोषाध्यक्ष सूरज त्रिपाठी जी,मंडल की मंत्री सुश्री कुमारी नाग जी ने अथक परिश्रम करके इस आयोजन को सफल बनाया। मंडल अध्यक्ष की कुशल संगठनात्मक क्षमता के फल स्वरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु एक प्रभारी की नियुक्ति की गई थी,जिनके मार्गदर्शन में उस पंचायत के स्वच्छता अभियान का संचालन होना था ।लगातार सतत संपर्क में रहने और दिशा निर्देश के बाद सभी 20 पंचायत के पदाधिकारीयों ने अपने अथक परिश्रम से कार्यक्रम को सफल बनाया। किया न्योता भोज का आयोजन सभी कार्यक्रमों से अलग हटकर आज ही प्राथमिक शाला बालाझर में न्योता भोज का भी आयोजन मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया,जिसमे 100 से भी अधिक बच्चो सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बच्चो संग बैठकर भोजन ग्रहण किया,इस कार्यक्रम के प्रभारी सुनील शर्मा भाजयुमो महामंत्री तथा सुश्री लुर्माडनी पोर्ते को बनाया गया था।

# हाई टेंशन वायर हटाने और मार्ग खोलने की मांग तेज



**राउरकेला।** चार साल से अधर में लटके बालू घाट–राजामुंडा राष्ट्रीय राजमार्ग प्रोजेक्ट को लेकर अब स्थानीय संगठनों ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा होने और मार्ग बंद रहने से क्षेत्र में अव्यवस्था का माहौल है। इस मुद्दे पर राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन (आरजीटीए) के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने कहा है कि जब तक सड़क आमजन के लिए पूरी तरह नहीं खोली जाती, तब तक टोल वसूली तत्काल बंद की जाए।

डॉ. यादव ने चेतावनी दी कि देवगांव के पास मार्ग बाधित होने और ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन वायर के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, खासकर बरसात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बेसुध रवैये को छोड़कर तत्काल कार्यवाही की जाए और मार्ग खोलने के लिए जरूरी आदेश जारी किए जाएँ। अन्यथा संगठन आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। संस्था के महासचिव मानस मोहंती ने कहा कि इस मार्ग पर स्थित मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है।

# झलमला में जागरूक बेटी समझदार बेटा कार्यक्रम



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला में जागरूक बेटीए समझदार बेटा का गरिमामय आयोजन समाज के प्रतिष्ठित लोगों के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य गौरव सम्मान से अलंकृत डॉ. काकोली पटनायक, विशिष्ट अतिथि रायगढ़ डीएसपी श्रीमती साधना सिंह तथा छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व महिला आयोग सदस्य श्रीमती शीला तिवारी रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह ने की तथा ग्राम पंचायत झलमला की सरपंच श्रीमती सुशीला घनश्याम डनसेना की विशेष उपस्थिति रही। डीएसपी श्रीमती साधना सिंह ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन की प्रेरणादायी यात्रा विद्यार्थियों से साझा करते हुए कहा कठिनाइयों और चुनौतियों का डटकर सामना करने से ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। बच्चों को अपराध से बचनेए बुरी संगत से दूर रहने और अनुशासनपूर्ण जीवन अपनाने की अपील करते हुए साधना सिंह ने कहा मानव जीवन अनमोल है। उनके विचारों से प्रेरित होकर कक्षा 12वीं की छात्रा मोनिका मेहरा एवं छात्र सोहन चौहान ने जिज्ञाशा वश पूछा पुलिस विभाग अपराधों को कैसे रोकता हैं साथ ही आपके आदर्श कौन हैं बच्चों के इस कौतूहल भरे प्रश्नों का जवाब साधना सिंह ने प्रभावशाली शैली में दिया। मुख्य अतिथि डॉ. काकोली पटनायक ने आधुनिक समय की सबसे बड़ी चुनौती मोबाइल की लत की बताया। विद्यार्थियों को इस बुरी लत से दूर रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि मोबाइल का अति प्रयोग मानसिक और शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मनोवृत्ति पर असर डालता है। मोबाइल की लत से बचने व्यावहारिक तौर तरीके बताए साथ ही विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग कर जीवन का लक्ष्य तय करने का आह्वान किया।

## नापतौल विभाग की कार्यप्रणाली पर फिर उठे सवाल, ठेकेदार की मनमानी से बढ़ा विवाद

**राउरकेला।** लीगल मेट्रोलॉजी नापतौल विभाग, राउरकेला एक बार फिर विवादों में घिर गया है। हाल ही में सेवानिवृत्त चपरासी के मामले की गूंज थमी भी नहीं थी कि अब विभाग से जुड़े ठेकेदारों और कर्मचारियों की मनमानी को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) से जांच और स्टेम्पिंग के लिए लाए गए बटखरों को विधिवत जांच करने के बजाय केवल रंग चढ़ाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई और जल्दबाजी में संयंत्र को आपूर्ति कर दिया गया। आरोप है कि भारी बारिश और इंस्पेक्टर की अनुपस्थिति में लगभग 10 मीट्रिक टन के बटखरे ट्रक के माध्यम से भेज दिए गए। स्थानीय ठेकेदारों ने इस प्रक्रिया को अनियमित बताते हुए कहा है कि यदि इन बटखरों की स्वतंत्र जांच कराई जाए तो कई गड़बड़ियां उजागर हो सकती हैं। वहीं, विभागीय इंचार्ज स्नेहा प्रभा दास का कहना है कि सभी प्रक्रियाएँ नियमानुसार पूरी की गई हैं और यदि आवश्यक हुआ तो आने वाले दिनों में और जांच की जाएगी।

# डांडियापाली फिर झील बना, कब्जे और अवैध निर्माण से जलभराव की समस्या गहराई

**राउरकेला।** ब्राह्मणी तरंग अंचल के अंतर्गत लाठिकाटा तहसील का डांडियापाली क्षेत्र एक बार फिर झील जैसे नजारे में तब्दील हो गया है। लगातार हो रहे कब्जे और अवैध भवन निर्माण से यहां जल जमाव की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, लेकिन दुखद यह है कि इस गंभीर मसले पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने आरोप लगाया है कि भू-माफिया नहर निकासी भूमि, सिंचाई कैनाल और नदी की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला कोड 13, तहसील कोड 18 और ग्राम कोड 38 के अंतर्गत आने वाले 1665 प्लॉट (कुल 102.67 एकड़) को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा मुआवजा राशि का भुगतान होने के बावजूद टीसीआई चौक से पानपोष चौक और हॉकी चौक तक की जमीनों पर कब्जा बरकरार है। इनमें से कई भूखंड तत्कालीन सरकार के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा कब्जा, गए बताए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नहर निकासी मार्ग और सिंचाई कैनाल को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो दंडियापाली और आसपास के इलाकों में हर साल जलभराव से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



# सामूहिक संकल्प से सुरक्षित रहेगा भविष्य

**राउरकेला।** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) के पानपोष स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को विश्व ओज़ोन दिवस का आयोजन किया गया। सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अधिकारी एवं अपर मुख्य पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार मल्लिक ने की।

- विश्व ओज़ोन दिवस पर लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

डॉ. मल्लिक ने अपने संबोधन में कहा कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल इस बात का प्रमाण है कि सामूहिक प्रयासों से वैश्विक स्तर पर सकारात्मक बदलाव संभव है। उन्होंने ओज़ोन परत की रक्षा और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए सभी को मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एसपीसीबी प्रदूषण नियंत्रण और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उप पर्यावरण अभियंता इंजीनियर विजय कुमार भोई ने खनन और औद्योगिक इकाइयों से स्वच्छ वायु गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को भी पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनानी चाहिए, कार्बन फुटप्रिंट कम करना चाहिए और ओज़ोन परत की सुरक्षा हेतु जागरूक निर्णय लेने चाहिए। इस अवसर पर विभागीय ओएसडी और सभी कर्मचारियों ने कार्यक्रम का संचालन व प्रबंधन किया। अंत में पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। हालांकि आम लोगों का मानना है कि ऐसे आयोजन अक्सर खानापूर्ति तक ही सीमित रह जाते हैं। स्थानीय स्तर पर पत्थर खदान, रेत घोटाले, इंडस्ट्रीज और क्रशर इकाइयों से लगातार हो रही शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से विभाग की साख पर सवाल उठते रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई तो ओज़ोन परत की रक्षा की बातें सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी।

## भगवान विश्वकर्मा दर्शन व संयंत्र भ्रमण के लिए उत्सुक रहे

# जेपीएल तमनार में भगवान देव शिल्पी की स्थापना, सुख समृद्धि की गई कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में सृष्टि के निर्माता व देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की स्थापना कर उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूजा अर्चना एवं यज्ञ हवन का अनुष्ठान कर कार्यरत कर्मचारियों, उनके परिवारों के साथ सम्पूर्ण क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की गई।

इस अवसर पर जेपीएल तमनार संयंत्र परिसर को क्षेत्रवासियों के दर्शनार्थ व भ्रमण के लिए उपलब्ध कराया गया, जहां सम्पूर्ण दिवस क्षेत्रवासियों ने भगवान विश्वकर्मा जी का दर्शन करए यज्ञ अनुष्ठान में भाग लिया व प्रसाद ग्रहण किया साथ ही ऊर्जा उत्पादन यंत्रों के विषय में जानकारी प्राप्त कर उनका अवलोकन भी किया। इस अवसर पर गारे पालमा माइंस परिक्षेत्र 04.01 के विभिन्न ईकाईयों में भी भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा की स्थापना की गई, जहां कर्मचारियों के साथ क्षेत्रवासियों ने पूजा अर्चना कर सुखसृद्धि की कामना की। कार्यक्रम पीके मिश्रा, प्रबंध निदेशक जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य एवं अजय पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेपीएल, जी वेंकट रेड्डी, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जेपीएल तमनार, प्रकाश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गारे पेलमा माइंस परिक्षेत्र जेपीएल की संदीप सांगवान, उपाध्यक्ष, मानव संसाधन एवं कर्मचारी सेवाएं एनके सिंह, ऋषिकेश शर्मा एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं कर्मचारियों ने यज्ञ अनुष्ठान में आहुतिया देकर भगवान विश्वकर्मा से संयंत्र के सकुशल संचालन एवं कर्मचारीए उनके परिवारों के साथ सम्पूर्ण क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर जी वेंकट रेड्डी कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे व समृद्धि का पर्व है। इस अवसर पर हम सब मिलकर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना करें, हमसभी मिलकर इस पर्व का स्वागत करें व इसे हर्षोल्लास के साथ मनायें।

पीके मिश्रा, प्रबंध निदेशक जेपीएल तमनार ने उत्सवधर्मी सम्पूर्ण तमनार व क्षेत्रवासियों को भगवान विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा देव शिल्पी हैए सृष्टि के निर्माता है। आइयें आप हमसभी मिलकर उनकी अराधना करेंए उनकी आशिष हम पर सदैव रहेए जिससे हम समस्त क्षेत्रवासी सदैव विकास की ओर अग्रसर रहें। उन्होनें समस्त क्षेत्रवासियों को संयंत्र आगमन भ्रमण एवं सहयोग पर साधुवाद ज्ञापित किया।



# उन्नी निभाएंगे पीएम मोदी की बायोपिक में अहम भूमिका

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी एक और बायोपिक का ऐलान हो गया है। इस फिल्म में साउथ अभिनेता उन्नी मुकुंदन पीएम मोदी का किरदार निभाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी करते हुए टाइटल की घोषणा कर दी है। फिल्म का टाइटल 'मां वंदे' होगा। इस फिल्म का पहला पोस्ट आकर्षित करने वाला है, जिसमें पीएम मोदी का किरदार हस्ताक्षर करते हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि, अभी पूरा लुक आना बाकी है। फिल्म में पीएम मोदी के बचपन से लेकर नेता बनने तक के सफर को दिखाया जाएगा, जिसमें उनकी मां हीराबेन मोदी के साथ उनके संबंधों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## लाइफ Style



# दिव्या

## फिलर्स और बोटॉक्स में नहीं करती विश्वास

फिल्म इंडस्ट्री चकाचौंध से भरी दुनिया, जहां आपका चमकना भी जरूरी है। सिर्फ काम के लिए नहीं, बल्कि अपने लुक्स को लेकर भी। एक्टर्स के बीच बोटॉक्स, फिलर्स, फेसलिफ्ट और अन्य कॉस्मेटिक प्रोसेस तेजी से आम होता रहा है। इस पर अक्सर बहस भी होती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पहले की तुलना में अब स्टार्स जनता की नजरों में ज्यादा रहते हैं। छोटी से छोटी बात का भी बतंगड़ बनने में देर नहीं लगती है। उम्र से लेकर फिटनेस तक को लेकर ट्रोल किया जाता है। पर राजकुमार राव और खुशी कपूर जैसे कई स्टार्स हैं, जिन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि उन्होंने एस्थेटिक ट्रीटमेंट्स करवाए हैं। दिव्या खोसला ने सर्जरी करवाने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'आजकल सभी के चेहरे लगभग एक जैसे दिखते हैं। मुंबई में डॉक्टर के पास जाने वाले लोग एक खास तरह के दिखते हैं और दुबई में डॉक्टर के पास जाने वाले लोग भी एक खास तरह के दिखते हैं। किसी का चेहरा देखकर ही आप बता सकते हो कि वो किस डॉक्टर के पास गया था। आपको पता चल जाता है कि वो शहर के किस हिस्से में किस क्लिनिक में किस डॉक्टर के पास गया था।' दिव्या को हमेशा नैचुरल रहना ही पसंद है और इसका क्रेडिट वो अपनी मां को देती हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि नैचुरल ब्युटी और जिस तरह से आपकी परवरिश हुई है, उससे बढ़कर कुछ नहीं है। मैं बाहरी फिलर्स और बोटॉक्स में विश्वास नहीं करती हूं। जैसे ही आप यंग होते हैं, बहुत सी लड़कियां सबसे पहले यही करना शुरू कर देती हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# दमदार अभिनय ने बनाया चहेता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, ऑस्कर विजेता निर्देशक रॉबर्ट रेडफोर्ड का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। साल 1960 के दशक में फिल्मों में कदम रखने वाले रॉबर्ट रेडफोर्ड ने जल्द ही खुद को हॉलीवुड के सबसे आकर्षक और प्रतिभाशाली अभिनेताओं में स्थापित कर लिया। उनके सुनहरे बाल, मासूम मुस्कान और दमदार अभिनय ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। बुच कैसिडी एंड द सनडांस किड और ऑल द प्रेसीडेंट्स मेन जैसी फिल्मों ने उन्हें एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। 1970 के दशक तक वे हॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में शुमार हो गए।



# म्यूजिक बैंड एट द गेट्स से जुड़े थे टॉमस लिंडबर्ग

**लॉस एंजिल्स।** स्वीडिश डेथ मेटल बैंड 'एट द गेट्स' की शक्तिशाली आवाज टॉमस लिंडबर्ग का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। साल 2023 में लिंडबर्ग ने खुलासा किया कि उन्हें खास तरह के कैंसर के बारे में पता चला। यह कैंसर ग्रंथियों को प्रभावित करने वाला एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर है। इस साल मार्च में एक निजी बयान में उन्होंने बताया कि उनके मुंह के एक हिस्से को हटाने के लिए एक बड़ी सर्जरी की गई। इसके बाद इलाज के नाम पर दो महीने तक रेडिएशन थेरेपी दी गई। उन्होंने स्वीकार किया कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। 2025 की शुरुआत तक, डॉक्टरों को ऐसी कैंसर कोशिकाएं मिल गईं जिन तक सर्जरी या विकिरण से नहीं पहुंचा जा सकता था। उन्होंने उस समय लिखा था 'तो हम देखेंगे कि अगला कदम क्या होगा।



# कॉकटेल-2 के सेट से सामने आया लुक

**मुंबई।** साल 2012 में आई फिल्म कॉकटेल को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। दीपिका पादुकोण का बिंदास 'वेरोनिका' का किरदार, डायना पेंटी मासूम मीरा के रोल में और सैफ अली खान गौतल के किरदार में नजर आए थे। अब एक दशक से ज्यादा समय बाद डायरेक्टर होमी अदजानिया उसी जादू को दोहराने लौट रहे हैं अपनी नई फिल्म कॉकटेल 2 के साथ। इस फिल्म के सेट से निर्देशक ने कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही सेट से और भी कई फोटोज और वीडियोज लीक हो रहे हैं। एक तस्वीर में कृति सेनन को ब्लैक आउटफिट में देखा गया, जहां उनका लुक काफी बोल्ड और कॉन्फिडेंट नजर आया। दूसरी ओर रश्मिका मंदाना जिम लुक में कैमरे में कैद हुईं। कृति और रश्मिका की तस्वीरों को शेयर करते हुए डायरेक्टर ने लिखा- 'शूट लाइफ।




# दोस्ती और संघर्ष की अनकही दास्तान

**मुंबई।** हाल ही में कई बड़े अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में दिखाई जा चुकी फिल्म 'होमबाउंड' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। धर्मा प्रोडक्शन्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर साझा करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने लिखा - 'हमारे दिल का टुकड़ा आपके दिल में घर बनाए, पेश है होमबाउंड का ऑफिशियल ट्रेलर। 26 सितंबर से सिनेमाघरों में।' ट्रेलर में ईशान खट्टर और विशाल जेठवा को बचपन के दोस्त के रूप में दिखाया गया है। दोनों का सपना है पुलिस अधिकारी बनना और इसके लिए वो मेहनत भी करते हैं। ईशान फिल्म में मोहम्मद शोएब का किरदार निभा रहे हैं, वहीं विशाल चंदन कुमार के रोल में हैं। इन दोनों दोस्तों के सपने और उनकी जद्दोजहद कहानी को आगे लेकर जाते हैं।

## टीवी मसाला



# ओटीटी पर राज कर रहे हैं रिएलिटी से लेकर कॉमेडी शोज

**नई दिल्ली।** ओटीटी का जिक्र आने पर जेहन में सबसे पहले आती हैं उनकी ऐजी, ओवर द टॉप वेब सीरीज, जिन्हें वीकेंड पर बिंज वॉच किया जा सके, लेकिन पिछले कुछ समय से मनोरंजन के इस नए माध्यम पर रिएलिटी शोज का दबदबा भी नजर आ रहा है। हाल के दिनों में अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नए-नए फॉर्मेट वाले कई रिएलिटी शोज आए हैं, जिन्हें पसंद भी किया जा रहा है। ओटीटी के इन विविधरंगी रिएलिटी शोज में दर्शकों के लिए ड्रामा, ऐक्शन, कॉमिडी सब मौजूद हैं। मसलन, जियो स्टार पर मिस्टर फैसू और शेफाली बग्गा की होस्टिंग वाले रोमांस बेस्ड रिएलिटी शो लवेंचर और एल्विश यादव के स्टंट और एडवेंचर वाले रिएलिटी शो अड्डा एक्स्ट्रा बैटल से लेकर मुनव्वर फारूकी का द सोसायटी और निश्चय मल्हान का द ट्रेजर हंटर्स जैसे शोज एक के बाद एक लॉन्च हुए हैं। इसके अलावा, चर्चित रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' भी टीवी से पहले इस ओटीटी प्लैटफॉर्म पर धूम मचा रहा है। इसी तरह, नेटफ्लिक्स ने 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलिवुड वाइव्स' और 'इंडियन मैच मेकिंग' जैसे हाई कॉन्टेंट वाले नॉन फिक्शन शोज से सुर्खियां बटोरी। इन दोनों ही शोज के तीन सीजन आ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म पर इस साल चर्चित रेसलिंग बेस्ड रिएलिटी शो डब्ल्यूडब्ल्यूई: इंटरनल का भी जलवा रहा। वहीं, टीवी के चहेते कपिल शर्मा भी अब यहीं कॉमेडी की बौछार कर रहे हैं। यहां 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के तीन सीजन आ चुके हैं। इसी तरह प्राइम वीडियो पर भी कॉमिडी सर्कस की याद दिलाते कॉमिकस्तान के तीन सीजन आ चुके हैं।

## बच्चों और परिवार में व्यस्त हैं दयाबेन

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीवी का वो शो हैं, जो सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। साल 2008 से शुरू हुआ ये वो शो है, जिसका हर किरदार लीड रोल निभाता है। शो में टप्पू के पापा से लेकर डॉक्टर हाथी तक अपने मजेदार अंदाज से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाते हैं। शो में दयाबेन का आइकॉनिक किरदार निभाने वालीं दिशा वकानी 2018 से पर्दे से दूर हैं। इस शो ने हाल ही में 4500 एपिसोड पूरे किए और आज भी टीआरपी चार्ट्स में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। हाल ही में, दिशा के ऑन-स्क्रीन और रियल भाई, मयूर वकानी यानी 'सुंदर' ने उनके शो में वापस न लौटने के कारण बताया। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि दिशा अब शो में वापसी नहीं करेंगी, क्योंकि वह इस समय अपने बच्चों और परिवार में व्यस्त हैं। दिशा ने दयाबेन के किरदार में मेहनत और सच्चाई डाली, इसलिए उन्हें इतना प्यार मिला। आज वह असल जिंदगी में मां का किरदार निभा रही हैं और पूरी ईमानदारी से उस जिम्मेदारी को निभा रही हैं।'



# सीन जिसके बाद कांपने लगे थे अमिताभ के पांव शूटिंग से पहले सेट पर किया था यह काम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की साल 1975 में आई फिल्म 'दीवार' ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। सलीम-जावेद की लिखी कहानी और यश चोपड़ा का निर्देशन बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल कर गया कि इसके डायलॉग से लेकर सीन्स तक आज भी लोगों को याद हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने विजय वर्मा का किरदार निभाया था। फिल्म का वो सीन तो आपको याद ही होगा जिसमें विजय पीटर और उसके गैंग की जमकर धुलाई करने के बाद दरवाजे से बाहर आता है।*

### सीन में असली थी अमिताभ की थकान

अमिताभ बच्चन ने इस सीन में गजब की एक्टिंग की थी। वह जिस तरह लड़खड़ाते हुए बाहर आए और फिर नल के नीचे अपना सिर लगा दिया वो काफी रियल था। आमतौर पर फिल्मों में जहां लड़ने के बाद हीरो चट्टान की तरह खड़ा रहता है, वहीं इस सीन में फाइट करने के बाद हीरो की थकान बहुत रियल थी। लेकिन, कम लोग जानते हैं कि यह थकान सिर्फ अमिताभ बच्चन की एक्टिंग नहीं थी, बल्कि वाकई यह सीन करने के लिए अमिताभ बच्चन ने खुद को इस हद तक थका लिया था कि उनके पांव कांपने लगे थे।



### सीन से पहले सेट पर किया था यह काम

अमिताभ बच्चन ने यह सीन रियल बनाने के लिए शूटिंग से पहले डॉक के चारों तरफ 10 बार तेजी से दौड़ लगाई ताकि सांसें उखड़ सकें और माथे पर पसीना और चेहरे पर थकान दिख सके। अमिताभ चाहते थे कि उनके हावभाव असली लगें। उन्हें एक्टिंग नहीं, बल्कि इस सीन में फीलिंग दिखानी थी। उन्होंने सीन से पहले खुद को इस हद तक थका लिया कि उनके पांव कांपने लगे थे और फिर जब वो दरवाजा खोलकर लड़खड़ाते हुए किसी योद्धा की तरह बाहर आए तो इस सीन पर खूब तालियां पड़ीं।

# इंग्लिश थी कमजोर, इसलिए ऐश्वर्या हार गईं थीं मिस इंडिया कांटेस्ट

**मुंबई।** 1994 भारत के लिए खास था। इसी साल एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया था और ऐश्वर्या राय बनीं थीं मिस वर्ल्ड। इस दौरान ऐसी भी खबरें थीं कि दोनों के बीच मिस इंडिया के कंटेस्टेंट के दौरान विवाद हुआ था। दरअसल, मिस इंडिया कांटेस्ट में शामिल होने से पहले ऐश्वर्या राय पहले ही बड़ी स्टार थीं। उन्होंने लैक्मे और पेप्सी जैसे ब्रांड के लिए विज्ञापन किए थे। ऐसे में सुष्मिता को लगता था कि मिस इंडिया कांटेस्ट करवाने वाले ऐश्वर्या को सपोर्ट कर रहे हैं। लेकिन, सुष्मिता ने ऐश्वर्या को हरा कर जीत हासिल की थी। अब फिल्ममेकर प्रह्लाद कक्कड़ ने ऐश्वर्या राय की हार की वजह उनकी कमजोर इंग्लिश को बताया है। प्रह्लाद कक्कड़ कहते हैं 'दोनों के बीच ऐसी कोई दुश्मनी नहीं थी। असलियत यह थी कि ऐश्वर्या ने अभी-अभी अपना कॅरियर शुरू किया था, वह अभी कच्ची थीं, जबकि सुष्मिता सेन कॉन्वेंट स्कूल से आने के कारण ज्यादा पॉलिश थीं। ऐश्वर्या राय के साथ ऐसा नहीं था। इसलिए जब अंग्रेजी में परफॉर्म करना होता है, तो जो लोग उस भाषा में अच्छे नहीं होते, उन्हें नुकसान होता है। यही वजह है कि सुष्मिता ने सवाल-जवाब के राउंड में बाजी मार ली। प्रह्लाद ने आगे कहा, 'मुझे याद है कि मैं चेंजिंग रूम में घुस गया था और सुष्मिता एक कोने में रो रही थी। मैंने उससे पूछा, क्या प्रॉब्लम है? उसने कहा, सब फिक्स है। मैं कभी नहीं जीतूंगी।' मैंने कहा क्या तुम बेवकूफ हो? जूरी को देखो। तुम्हें लगता है कि उन्हें कोई भी फिक्स कर देगा? बेवकूफ मत बनो।



## लेखनी का दिखाया कमाल, लिखे 2000 से अधिक गाने

# राज कपूर का मिला साथ और हसरत बन गए गीतकार

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी को लेखनी के जादूगर कहने में कोई शक नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने ऐसे गाने लिखे जो आज की पीढ़ी भी गुनगुनाती नजर आती है। बचपन में शेरों-शायरियों का शौक रखने के कारण हसरत को घर से निकाल दिया गया था। लेकिन, गीतकार 'बदन पे सितारे लपेटे हुए' मायानगरी पहुंचे और उन्हें मिली ऐसी पहचान कि हर निर्माता अपने फिल्मों में उनके गानें शामिल करना चाहता था। राज कपूर से लेकर यश चोपड़ा तक की कई फिल्मों में उन्होंने अपनी लेखनी का कमाल दिखाया और शानदार गाने दिए थे।*



### नाना 'फिदा' से सीखे लिखने के गुर

हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को जयपुर (राजस्थान) में हुआ था। उनके बचपन का नाम इकबाल हुसैन था। पढ़ाई के दिनों से ही उन्हें उर्दू शायरी और कविताओं से गहरा लगाव था। कम उम्र से गजलें और शायरी लिखना उनकी आदत बन गई थी। हसरत के नाना फिदा हुसैन कवि थे, उन्हीं को देख हसरत को लिखने और शायरियों को शौक हुआ।

### जब शेरों-शायरी का शौक देख मां ने घर से निकाला

हसरत जयपुरी के पिता फौज में थे उनका नाम नाजिम हुसैन था और उनकी मां फिरदौसी बेगम थी। गीतकार की मां को उनकी शेरों-शायरी बिल्कुल पसंद नहीं थी, लेकिन हसरत भी कहां मानने वाले थे। इसके बाद उनकी मां ने फैसला किया कि अगर उन्हें शायरी करनी है, तो घर से निकल जाएं। फिर क्या अपने सपनों की जद्दोजहद में हसरत बोरिया-बिस्तर लेकर मुंबई के मायानगरी में अपना नाम बनाने निकल पड़े।

### बस कंडक्टर की नौकरी की

मुंबई आने के बाद हसरत ने जीवन के असली संघर्ष किए। कुछ पैसे कमाने के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ा और कभी-कभी तो वो बिना खाए फुटपाथ पर सो जाते थे। इसके बाद हसरत ने बस कंडक्टर की नौकरी शुरू कर दी। साथ ही वह मुशायरों, कविता पाठ के सम्मेलन में भी सम्मिलित होने लगे और उसमें अपनी कला को दिखाते थे। इसी दौरान उनपर एक दिग्गज अभिनेता पृथ्वीराज कपूर की नजर पड़ी और उन्होंने हसरत जयपुरी के बारे में अपने बेटे राज कपूर को बताया।

### इन गानों से पहचाने जाते हैं हसरत जयपुरी

- जिया बेकरार है - बरसात
- जिंदगी एक सफर है- अंदाज
- तेर ख्यालों में हम - गीत गाया पत्थरों ने
- एहसान तेरा होगा मुझ पर- जंगली
- तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे - पगला कहीं का
- अजी रूठ कर अब कहां जाएगा - आरजू
- दुनिया बनानेवाले- तीसरी कसम
- सुन साहिबा सुन - राम तेरी गंगा मैली
- ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर - संगम
- सयोनारा सयोनारा - लव इन टोक्यो
- बदन पे सितारे लपेटे हुए - प्रिंस
- मोहब्बत में हमको ना इतना सताओ – प्रोफेसर

### बरसात से चमकी किस्मत

राजकपूर उन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बरसात' की तैयारी में लगे हुए थे। इस फिल्म के लिए गीत लिखने लिए उन्होंने हसरत जयपुरी को कहा। फिर क्या गीतकार ने लिखा, 'जिया बेकरार है छाई बहार है'। यह गाना काफी पसंद किया गया था और इसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। इसके बाद गीतकार ने कई गीतों को अमर कर दिया।

**मिले दो फिल्म फेयर अवॉर्ड :** इकबाल हुसैन उर्फ हसरत जयपुरी साहब आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन, उनके लिखे गीत, आज भी लाखों-करोड़ों आशिकों के इश्क की जुबान बन रहे हैं। साल 1999 में हसरत साहब का निधन हो गया। अपने फिल्मी कॅरियर में हसरत साहब हो दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। पहला, साल 1966 में फिल्म सूरज के गाने 'बहारों फूल बरसाओ' के लिए और दूसरा, साल 1971 में अंदाज फिल्म के गाने 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' के लिए। उनके दो बेटे अख्तर और आसिफ जयपुरी हैं। इसके अलावा एक बेटी भी है किश्वर जयपुरी। हसरत जयपुरी ने अपने कॅरियर में 2000 से अधिक गानें लिखे।

## खबर संक्षेप

### 100 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कटेली।** अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए कनकबीरा चौकी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे और उप पुलिस अधीक्षक अविनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने 100 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छिचपानी भालू पानी निवासी रवि अजगल्ले और ईश्वर बरिहा जंगल में महुआ शराब बनाकर कपरतूंगा फॉरेस्ट बैरियर के आसपास उतारने वाले हैं। मुखबिर की सूचना पर टीम ने तत्काल घेराबंदी की। इसी दौरान दो लोग जंगल से कंधे में बोरी लेकर उतरते दिखे। पुलिस को देखकर एक आरोपी बोरी छोड़कर भागने में सफल हो गया, लेकिन रवि अजगल्ले पिता ईशु अजगल्ले (28 वर्ष) को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो सफेद प्लास्टिक बोरियों में रखी पॉलिथीन पैकिंग में कुल 100 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 10 हजार रुपए आंकी गई है, जब्त की। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी टीकाराम खटकर, प्रधान आरक्षक भीमसेन सिदार और जगदीश खूंटे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### 11 केवी करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**घरघोड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 में मंगलवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक 11 केवी करंट की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान साहिल बर्मन (पुत्र ब्रिज बर्मन), निवासी वार्ड 4, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साहिल नवरात्रि के अवसर पर मंदिर के ऊपर लाइट सजाने का काम कर रहा था। इसी दौरान अनजाने में उसका हाथ ऊपर से गुजर रहे 11 केवी हाई वोल्टेज तार से छू गया। तेज करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलसकर वहीं गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुँचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर फैलते ही इलाके में मातम छा गया। नवरात्रि की खुशी पलभर में गमगीन माहौल में बदल गई। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और पूरे वार्ड में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और आवश्यक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह सवाल भी उठ रहा है कि विद्युत तारों की खतरनाक ऊँचाई और सुरक्षा मानकों की अनदेखी इस दर्दनाक हादसे की बड़ी वजह है।

### एनटीपीसी लारा में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा द्वारा त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 के तहत लोगों में भ्रष्टाचार के प्रति चेतना और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक विभिन्न ग्रामों और विद्यालयों में जारी रहेगा। 18 सितंबर 2025 को यह नुक्कड़ नाटक पुसौर बाजार, चंद्रहासिनी मंदिर और बड़े हरदी उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंचित किया गया। नाटक के माध्यम से स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों को सरल भाषा, अभिनय और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से दुर्नीति मुक्त भारत निर्माण में भाग लेने की अपील की गई। अपर महाप्रबंधक हरीशंकर पटेल ने बच्चों और उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शी और ईमानदार समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों को निभाना होगा और समाज में जिम्मेदार भूमिका अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ सतर्क रहने और अपने अधिकारों की रक्षा करने की जरूरत है।

## रायगढ़ में दुर्गा पूजा की तैयारी, पंडालों की थीम ने बढ़ाया उत्साह

# नालंदा, लाल किला और बद्रीनाथ धाम में विराजेंगी मां दुर्गा, शहर में तैयार हो रहे आकर्षक पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस साल रायगढ़ में दुर्गा पूजा की रौनक पहले से कहीं ज्यादा भव्य और रंगीन होने जा रही है। शहर के विभिन्न हिस्सों में तैयारियों का दौर जोरों पर है और लोग उत्साह के साथ पूजा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस बार पंडालों की थीम ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कहीं लाल किला, कहीं नालंदा और कहीं बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर पंडाल बनाए जा रहे हैं। जो देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं विराजमान की जाएंगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी पंडालों में अनोखी कलाकारी और आकर्षक थीम देखने को मिलेगी, लेकिन आयोजकों ने इसे और खास बनाने की ठानी है। इस बार की थीमों में स्थानीय संस्कृति, आधुनिक कला और पारंपरिक पौराणिक कथाओं का मिश्रण देखने को मिलेगा। आयोजक उम्मीद कर रहे हैं कि यह भव्य उत्सव न केवल श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा। बल्कि शहर के सांस्कृतिक चेहरे को भी नया आयाम देगा। तैयारियों का यह दृश्य दर्शकों को आस्था और उत्साह के अद्भुत अनुभव से जोड़ देगा।

### महासप्तमी के दिन विराजेंगी मां

महासप्तमी के दिन से मां दुर्गा की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा शुरू होगी, जिसके बाद पूरे नवरात्र तक शहर भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भरा रहेगा। हर पंडाल स्थल पर प्रतिदिन डांडिया और गरबा का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवक युवतियां भाग लेंगे।



### सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैयार

सुरक्षा और व्यवस्था के लिए भी पुलिस प्रशासन सतर्क है। भीड़भाड़ वाले पंडालों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। आयोजकों ने भी स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखने की बात कही है। शहर के निवासी दूर्गा पूजा को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अम्बेडकर चौक के पास रहने वाले विजय सिंह कहते हैं हर साल कुछ नया देखने को मिलता है लेकिन इस बार तो लाल किला जैसे पंडाल ने सबको चौंका दिया है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सबकी नज़रें इन्हीं पर टिकी हैं।

### कहां कैसे तैयार हो रहे पंडाल

#### अम्बेडक चौक

अम्बेडकर चौक में इस बार लाल किले की तर्ज पर पंडाल बनाया जा रहा है। जहां लगभग 15 फीट ऊँची मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। दिन में इसकी भव्यता दर्शनीय होगी और रात को विशेष लाइटिंग इसे और भी दर्शनीय बना देगी।

#### हंडी चौक

हंडी चौक में इस बार पंडाल को जल और मेघों बादलों के समन्वय से सजाया जा रहा है। यहां एक झीलनुमा वातावरण तैयार किया जा रहा है। जिसमें कृत्रिम धुंध, रौशनी और पानी की बूँदों जैसा आभास होगा। यह पंडाल बच्चों और युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र

#### चक्रधर नगर

चक्रधर नगर में इस बार का थीम बद्रीनाथ धाम होगा। यहां श्रद्धालुओं को मंदिर के द्वार वास्तुकला और आसपास के हिमालय का सुंदर संयोजन देखने को मिलेगा। और साथ ही साथ गरबा और डांडीया का कार्यक्रम भी होगा।

#### संजीवनी परिसर


संजीवनी अस्पताल परिसर जो हर साल अपनी कला के लिए जाना जाता है इस बार भारत के प्राचीन शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर पंडाल बना रहा है। यहां की सजावट में बुद्धकालीन वास्तुशैली प्राचीन ग्रंथों और दीपमालाओं का उपयोग किया जा रहा है। जो दर्शकों को एक आध्यात्मिक और बौद्धिक यात्रा पर ले जाएगा।

#### गांधी गंज

गांधी गंज मे भी दुर्गा पूजा के लिए खास तरह का पंडाल बनाया जा रहा है। यहां पहली बार मंदिर की आकृति में एक भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह पंडाल पूरी तरह से मंदिर जैसी अनुभूति देगा। जहां श्रद्धालु पूजा के साथ-साथ एक धार्मिक यात्रा का अनुभव भी कर सकेंगे। यहां की मूर्ति भी लगभग 10 से 15 फीट ऊंची होगी और पूरे पंडाल परिसर को दीपों और रंगोली से सजाया जाएगा।

# एमएमयू में मिली खामियां कमिश्नर ने लगाई फटकार

- जांच मशीन खराब मिली, जीपीएस में भी काम नहीं कर रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर एवं अध्यक्ष रायगढ़ जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर निगम कमिश्नर श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय और सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल ने गुरुवार को पंजरीप्लांट ऑडिटोरियम में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह सामने आया कि पिछले सुधारों के बावजूद कई जरूरी व्यवस्थाएं अभी भी पूरी नहीं हैं।

निरीक्षण के दौरान अधिकांश एमएमयू में ईसीजी और ब्लड जांच मशीनें खराब पाई गईं। जीपीएस सिस्टम भी कार्यरत नहीं, जिससे यूनिट की लोकेशन और समय पर सेवा देने में समस्या हो रही है। जिन जटिल जांचों को बाहर भेजा जाता है, उनकी रिपोर्ट समय पर एमएमयू तक नहीं पहुँच रही, जिससे मरीजों को रिपोर्ट मिलने में देरी हो रही है और फॉलोअप प्रभावित हो रहा है। कमिश्नर क्षत्रिय ने एमएमयू संचालक कंपनी भव्या हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया, तो भुगतान रोकने और भारी पेनाल्टी लगाने के साथ अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए चलाई जा रही योजना

मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को उनके घरों के पास मुफ्त इलाज, बेहतर जांच और निशुल्क ब्रांडेड दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई है। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी एमएमयू में जांच मशीन, रिपोर्टिंग प्रणाली, जीपीएस और अन्य सुविधाओं को तुरंत दुरुस्त किया जाए, ताकि योजना का उद्देश्य सही ढंग से पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान एमएमयू के सहायक नोडल सब इंजीनियर ऋषि राठौर, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर शुभम मिश्रा और कुमार सिंह सारथी भी उपस्थित थे।

# मोदी जी ने देश में लाए ऐतिहासिक बदलाव के साक्षी है देशवासीः ओपी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ने अपनी अंतर्मन की बाते सोशल मीडिया में जारी वीडियो के जरिए साझा करते हुए कह हम सभी भारत के परिवर्तन के इस ऐतिहासिक युग के साक्षी हैं। भारत आज विश्व के मानचित्र पर नई उंचाइयों और नए शिखर की ओर अग्रसर है, और हम इस गौरवशाली यात्रा के सहभागी हैं। मोदी जी का नेतृत्व वोट बैंक की राजनीति से परे दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने बहुत से दूरगामी एवं साहसिक निर्णय लेकर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित और सशक्त बनाया है। उनके ठोस कदमों ने भारत को आत्मविश्वास और विकास की नई दिशा प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्राथमिकताएँ हमेशा आकांक्षी राज्यों और जिलों पर केंद्रित रही हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के विशेष स्थान का जिक्र करते हुए ओपी ने कहा स्वतंत्रता के दशकों बाद भी जब छत्तीसगढ़ का रेलवे नेटवर्क सीमित था, प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने पिछड़े और विकासशील क्षेत्रों पर खास ध्यान केंद्रित किया । उन्होंने छत्तीसगढ़ में अपनी पहली यात्रा में ही दंतेवाड़ा की एजुकेशन सिटी और लाइवलीहुड कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण जगहों को प्राथमिकता दी। आजादी के बाद बस्तर जैसे नक्सल क्षेत्र में प्रधान मंत्री रहते जितने दौरे अकेले मोदी जी ने किए आजादी के बाद सभी प्रधानमंत्रियों ने मिलाकर भी उतने दौरे नहीं किए।यह मोदी जी का छत्तीसगढ़ के प्रति विशेष लगाव है।



**जन्मदिन पर ओपी ने कहा मोदी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया**

इंस्पिरेशनल डिसट्रिक्ट प्रोग्राम₹ से लेकर ₹आयुष्मान भारत₹ जैसी ऐतिहासिक योजनाओं का सूत्रपात उन्होंने बिजापुर और बस्तर जैसे अंचलों से शुरू किया। उनका नेतृत्व, उनकी प्राथमिकताएं और स्पष्ट रोडमैप के साथ विजन आज विश्व के किसी दूजे नेता के पास नहीं है। ओपी चौधरी ने कहा हम यशस्वी नेतृत्व के युग का साक्षी बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। जहां भारत आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा की राह पर निरंतर अग्रसर है। मोदी जी का संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित रहा।



### भाटिया एनर्जी में उत्साह के साथ मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**खरसिया।** ग्राम छोटे डूमरपाली स्थित इंद्रमणी ग्रुप की भाटिया एनर्जी एंड मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा जयंती का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। बुधवार, 17 सितंबर को आयोजित इस विशेष पर्व में कंपनी प्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें भगवान विश्वकर्मा से क्षेत्र की प्रगति, समृद्धि और सभी की सुरक्षा की कामना की गई। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और उसके बाद सामूहिक भंडारा में सभी ने पुड़ी, सब्जी और हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। इससे वातावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। इस अवसर पर कंपनी के जीएम अजीत कुमार ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल आस्था और श्रद्धा का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह श्रम, कौशल और उद्योग जगत की महत्ता को भी दर्शाता है। भाटिया एनर्जी में मनाई गई यह जयंती केवल कर्मचारियों के बीच ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल के लोगों के लिए भी आपसी मेलजोल और सामूहिक उत्सव का माध्यम बनी।

# जिंदल स्टील में धूमधाम से मनाई गई देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती

**रायगढ़।** सृजन और शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) में बुधवार को दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा। संयंत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शुभ मुहूर्त में सेंट्रल वर्कशॉप के सामने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। कार्यपालन निदेशक सव्यसाची बंद्योपाध्याय ने विधिविधान से पूजा कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी जयंती के अवसर पर कंपनी का मुख्य द्वार आम जनता के लिए खोल दिया गया। पतरापाली, किरोड़ीमल नगर, गोरखा, खैरपुर, उच्चभिट्ठी, गोदामडीपा, कलमी समेत आसपास के गांवों से हजारों ग्रामीण परिवार दर्शन और पूजन हेतु पहुंचे। शहरवासियों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और देवशिल्पी का आशीर्वाद लिया। पूरे परिसर में मेले जैसा उत्सवपूर्ण माहौल था। सेंट्रल गैरेज के सामने छायाकार कमल शर्मा द्वारा जिंदल समूह के इतिहास और उपलब्धियों पर आधारित तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही संयंत्र में निर्मित उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने लोगों में खासा उत्साह देखा गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यपालन निदेशक ने किया।



### प्रसाद और कैलेंडर वितरण

पूरे आयोजन की व्यवस्था मानव संसाधन एवं कर्मचारी सेवाएं विभाग ने की। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के साथ-साथ जनसंपर्क विभाग द्वारा जेएसपीएल समूह के संयंत्रों की तस्वीरों से सजे विशेष कैलेंडर भी बांटे गए। ग्रामीणों में इन्हें लेने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जयंती समारोह ने जहां श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित किया, वहीं ग्रामीणों को अपने उत्पाद प्रदर्शित और बेचने का अवसर भी प्रदान किया।

### ग्रामीण और महिला समूहों के स्टॉल

जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से आसपास के गांवों के महिला समूहों और शिल्पकारों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें झारा शिल्प, बांस से बनी कलाकृतियां, रंग-बिरंगी मोमबत्तियां, सजावटी सामान, साथ ही महिलाओं द्वारा तैयार अचार, पापड़, बड़ी, बिजौरी और मिलेट्स से बने लड्डू शामिल थे। आगंतुकों ने इन उत्पादों को खूब सराहा और अधिकांश उत्पाद हाथों-हाथ बिक गए।

# टीआरएन एनर्जी ने मनाया विश्व ओजोन संरक्षण दिवस



**रायगढ़।** टीआरएन एनर्जी द्वारा 16 सितंबर को नवापारा टेंडा में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी ने पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कारखाना प्रबंधक प्रहलाद प्रसाद थे। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों और अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओजोन परत की सुरक्षा केवल वैज्ञानिक खोजों तक सीमित नहीं रह सकती। बल्कि इन्हें वैश्विक स्तर पर ठोस कार्यवाही में बदलने की आवश्यकता है। इस वर्ष की ओजोन दिवस की थीम थी फ्रॉम साइंस टू ग्लोबल एक्शन। जिसका उद्देश्य विज्ञान के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करना है। बता दें कि विश्व ओजोन दिवस का आयोजन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा हर वर्ष 16 सितंबर को किया जाता है। रायगढ़

### बढ़ी यूरिया संकट की रैक प्वाइंट बहाली की मांग

**राउरकेला।** कृषि प्रधान जिला होने के बावजूद सुंदरगढ़ में यूरिया की आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। पहले राउरकेला रेलवे साइडिंग में रैक प्वाइंट होने के कारण यहां यूरिया पहुंचता था और मार्कफेड के गोदामों में स्टॉक कर क्योंझर व देवगढ़ जैसे पड़ोसी जिलों में भी वितरण होता था। उस समय प्रति रेलवे रैक से 200 से 250 ट्रकों तक यूरिया की आपूर्ति की जाती थी। लेकिन अब गिनती के ट्रकों के जरिए ही यूरिया आ रहा है, जिससे किसानों को भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने आरोप लगाया कि एक सोची-समझी योजना के तहत राउरकेला रेलवे साइडिंग से यूरिया की आवाजाही बंद कराई गई। उन्होंने कहा कि मार्कफेड के गोदामों को औने-पौने दामों में निजी व्यापारियों को व्यावसायिक उपयोग हेतु दे दिया गया है।

# खरसिया में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा

**खरसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर खरसिया भाजपा ने सेवा पखवाड़े की शुरुआत उत्साह और सेवा भावना के साथ की। इस मौके पर स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह अटल परिसर में मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परिसर की साफ-सफाई कर वातावरण को स्वच्छ और आकर्षक बनाया। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधर गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़े के महत्व से अवगत कराया और सभी को समाजहित में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इसके बाद सिविल अस्पताल खरसिया में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में भाजपा



कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिक और शासकीय महाविद्यालय खरसिया के एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए 75 लोगों ने रक्तदान कर सेवा और त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर में युवाओं का जोश और महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। अस्पताल परिसर में भाजपा नेता अशोक मंडी ने केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर 'सेवा ही संगठन' के संकल्प को दोहराया और जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहने

TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

